# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 26 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 60 हजार 171 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 4.7 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 26 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.7 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 60 हजार 171 सैंपलों की जांच में से 2829 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## छत्तीसगढ कोविड टीकाकरण के मामले में सब वर्गो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा भारत सरकार द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दी गई जानकारी

- छत्तीसगढ राज्य कोविड टीकाकरण के मामले में सब वर्गो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग में यह जानकारी दी गई।

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बताया गया कि हेल्थ केयर वर्कर के टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ का स्थान पूरे देश में दूसरा है जबकि फ्रंटलाइन वर्कर के मामले में सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में यह भी बताया गया कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों का टीकाकरण करने वालें बडे राज्यों में छत्तीसगढ़ का स्थान दूसरा है। पूरे देश में लद्दाख त्रिपुरा, सिक्किम, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ का स्थान है। इसके साथ ही 18 से 44 आयु वर्ग के व्यक्तियों का टीकाकरण करने में छत्तीसगढ़ पहले पांच राज्यों में शामिल है। दमन दीव, दादरा नगर हवेली, दिल्ली, हरियाणा के बाद छत्तीसगढ़ का स्थान है।

## बेहतर वैक्सीन प्रबंधन से राज्य में वैक्सीन वेस्टेज एक प्रतिशत से भी कम

- भारत सरकार से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि राज्य में वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, प्रोटोकाल के सही तरीके से पालन एव नियमित पर्यवेक्षण से ही राज्य को प्राप्त हो रही वैक्सीन का पूरा-पूरा उपयोग नागरिकों के टीकाकरण में किया जा रहा है। इसलिए यहां वैक्सीन वेस्टेज भी न्यूनतम है। भारत सरकार द्वारा दी गई वैक्सीन में केवल 0.81 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा खरीदी गई वैक्सीन में 0.63 प्रतिशतत ही वैक्सीन वेस्टेज रहा है।
- भारत सरकार ने 21 मई को वीडियो कान्फ्रेंन्सिग में बताया था कि छत्तीसगढ़ में कोविशील्ड और कोवैक्सीन का क्रमशः 8.5 और 50.2 प्रतिशत वेस्टेज हुआ है जो कि सही तथ्य नहीं है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सचिव, भारत सरकार को पूरी वस्तु स्थिति से अवगत कराया था और तदनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों को अद्यतन करने का अनुरोध किया गया था। जिसके अनुसार राज्य को भारत सरकार से 6840210 डोज मिली जिसमें 6167632 लोगों का टीकाकरण किया गया और 55608 डोज वेस्ट हुई जो कि कुल 0.81 प्रतिशत ही है। राज्य सरकार को 18 -44 आयुवर्ग के लिए 797110 डोज मिली और 666101 का टीकाकरण हुआ और 5039 डोज वेस्ट हुई जो कुल 0.63 प्रतिशत है । राज्य सरकार द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि प्राप्त वैक्सीन का पूरा उपयोग हो और वैक्सीन वेस्टेज कम से कम हो।

## आज दिनांक 26 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,60,021 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 174 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 8704 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 404, बीपीएल के 2488, एपीएल के 5161, फ्रंटलाइन वर्कर के 651 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 2829 |
| | | कुल | 959544 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 997 |
| | | कुल* | 152818 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 4100 |
| | | कुल* | 740467 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 5097 |
| | | कुल | 893285 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 53480 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 56 | कोविड–19 | 26 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 30 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 60,171**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 26-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 62 | 95276 | 34 | 13643 | 219 | 78428 | 92071 | 1466 | 2 | 1739 |
| 2 | राजनांदगांव | 32 | 55352 | 28 | 12347 | 51 | 41607 | 53954 | 905 | 1 | 493 |
| 3 | बालोद | 92 | 26262 | 47 | 8451 | 118 | 16447 | 24898 | 999 | 3 | 365 |
| 4 | बेमेतरा | 26 | 19486 | 4 | 3181 | 59 | 15097 | 18278 | 981 | | 227 |
| 5 | कबीरधाम | 48 | 22315 | 8 | 2245 | 169 | 18777 | 21022 | 1037 | | 256 |
| 6 | रायपुर | 102 | 155405 | 140 | 29055 | 173 | 120266 | 149321 | 3002 | 3 | 3082 |
| 7 | धमतरी | 101 | 25659 | 53 | 2427 | 22 | 21388 | 23815 | 1333 | 4 | 511 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 137 | 40876 | 41 | 8167 | 235 | 29473 | 37640 | 2802 | 1 | 434 |
| 9 | महासमुंद | 101 | 30117 | 15 | 3759 | 174 | 23732 | 27491 | 2289 | 8 | 337 |
| 10 | गरियाबंद | 44 | 18923 | 38 | 3362 | 125 | 14362 | 17724 | 1016 | 1 | 183 |
| 11 | बिलासपुर | 85 | 64319 | 95 | 6819 | 188 | 54654 | 61473 | 1662 | 8 | 1184 |
| 12 | रायगढ | 216 | 60017 | 155 | 11447 | 263 | 43336 | 54783 | 4352 | 11 | 882 |
| 13 | कोरबा | 106 | 52852 | 42 | 4388 | 290 | 45082 | 49470 | 2844 | 1 | 538 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 178 | 54567 | 37 | 7351 | 309 | 42991 | 50342 | 3500 | 2 | 725 |
| 15 | मुंगेली | 128 | 23130 | 9 | 908 | 4 | 20094 | 21002 | 1971 | 1 | 157 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 49 | 11434 | 16 | 688 | 174 | 9147 | 9835 | 1462 | 2 | 137 |
| 17 | सरगुजा | 240 | 31199 | 66 | 3484 | 252 | 24118 | 27602 | 3374 | | 223 |
| 18 | कोरिया | 210 | 24995 | 0 | 1459 | 315 | 19785 | 21244 | 3595 | 2 | 156 |
| 19 | सूरजपुर | 202 | 26725 | 11 | 1848 | 359 | 20769 | 22617 | 3913 | | 195 |
| 20 | बलरामपुर | 201 | 18656 | 2 | 1406 | 155 | 14096 | 15502 | 3045 | | 109 |
| 21 | जशपुर | 162 | 24273 | 43 | 4286 | 155 | 17092 | 21378 | 2719 | 2 | 176 |
| 22 | बस्तर | 86 | 18397 | 22 | 4170 | 69 | 12433 | 16603 | 1624 | 1 | 170 |
| 23 | कोंडागांव | 63 | 11889 | 26 | 1609 | 60 | 9316 | 10925 | 873 | | 91 |
| 24 | दंतेवाडा | 54 | 9447 | 0 | 4026 | 29 | 4965 | 8991 | 436 | | 20 |
| 25 | सुकमा | 28 | 5708 | 32 | 3250 | 13 | 2270 | 5520 | 173 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 38 | 22493 | 31 | 3206 | 117 | 17786 | 20992 | 1299 | 3 | 202 |
| 27 | नारायणपुर | 13 | 3361 | 0 | 2418 | 2 | 638 | 3056 | 295 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 24 | 5722 | 2 | 2877 | 1 | 2318 | 5195 | 492 | | 35 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 689 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 21 | | 127 |
| **महायोग** | | **2829** | **959544** | **997** | **152818** | **4100** | **740467** | **893285** | **53480** | **56** | **12779** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

